an>

Title: Need to construct a railway line between Sawai Madhopur (Rajasthan) and Sheopur (Madhya Pradesh).

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक-सवाई माधोपुर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र के सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन से श्योपुर रेलवे स्टेशन की दूरी 60 कि.मी. है जो कि मध्य प्रदेश में पड़ता है। अगर सवाई माधोपुर से श्योपुर के लिए नया ट्रैक जोड़ा जाता है तो राजस्थान से मध्य प्रदेश आने-जाने में यात्रियों, व्यापारियों, पर्यटकों को इससे काफी लाभ मिलेगा क्योंकि लोगों को श्योपुर जाने के लिए अभी मथुरा, आगरा या उज्जैन होते हुए जाना पड़ता है, यह मार्ग काफी लम्बा पड़ता है। जिससे लोग अपना कार्य एक दिन में पूरा नहीं कर पाते हैं। इस ट्रैक के जुड़ने से रेलवे विभाग को काफी मात्रा में राजस्व मिलेगा और मध्य प्रदेश के साथ-साथ मेरे संसदीय क्षेत्र टोंक-सवाई माधोपुर (राजस्थान) के लोगों को इसका विशेष लाभ मिलेगा और समय की बचत भी होगी।